उत्तराखंड टेक्निकल यूनिवर्सिटी में प्रवेश का अंतिम अवसर

- इंजीनियरिंग की रिक्त सीटों पर 24 अगस्त से होगा स्पाट काउंसलिंग का अंतिम चरण
- विश्वविद्यालय परिसर में बीटेक कंप्यूटर साइंस और साइबर सुरक्षा पाठ्यक्रम शुरू

जागरण संवाददाता, देहरादून : यूटीयू (वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड टेक्निकल यूनिवर्सिटी) में इंजीनियरिंग की रिक्त सीटों पर 24 अगस्त से स्पाट काउंसलिंग का अंतिम चरण शुरू होगा। यह प्रवेश लेने का भी अंतिम अवसर होगा। चालू सत्र में यूटीयू ने अपने परिसर संस्थानों में कंप्यूटर साइंस की मांग को देखते हुए अतिरिक्त सीटें राज्य के मेधावी छात्रों के लिए उपलब्ध कराई हैं। विवि ने पहली बार परिसर में बीटेक कंप्यूटर साइंस और साइबर सुरक्षा पाठ्यक्रम शुरू किया है, जिसमें अधिकांश सीटें भर गई हैं।

सोमवार को विवि ने शैक्षिक सत्र प्रारंभ किया। इस मौके पर विवि के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने कहा कि कंप्यूटर साइंस और इससे जुड़ी विधाओं में प्रवेश के लिए अच्छा रुझान दिखाई दिया। इंजीनियरिंग की कोर ब्रांच में भी पिछले सत्र की तुलना में अधिक मांग दिखी, लेकिन अभी सभी सीटें भरी नहीं हैं। कुलपति ने कहा कि देश में तकनीकी शिक्षा के प्रति छात्रों की बदलती प्राथमिकताओं के आलोक में कोर इंजीनियरिंग विषयों के साथ कंप्यूटर आधारित विषयों में छात्रों के रुझान में बदलाव नजर आ रहा है। यूटीयू के परिसर स्थित महिला प्रौद्योगिकी संस्थान और फैकल्टी आफ टेक्नोलाजी, फार्मेसी, फैकल्टी आफ मैनेजमेंट में नवप्रवेशी छात्रों का प्ररेण कार्यक्रम पूरा कर कक्षाएं आरंभ हो गई हैं।

गढ़वाल विवि ने कैंपस बीएड कालेजों में शुरू की दाखिला प्रक्रिया

जागरण संवाददाता, देहरादून : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि ने संगठक और कैंपस बीएड कालेजों में बीएड प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है, लेकिन संबद्ध निजी कालेजों को छोड़ दिया है। जिस पर एसोसिएशन आफ सेल्फ फाइनेंस इंस्टीट्यूशंस के प्रदेश अध्यक्ष डा. सुनील कुमार अग्रवाल ने रोष व्यक्त किया है। डा. सुनील ने कहा कि गढ़वाल विवि ने जब बीएड प्रवेश के लिए अधिसूचना जारी की तो वह केवल संगठक कालेज और अपने कैंपस परिसरों के लिए की गई है, जबकि निजी संबद्ध 33 बीएड कालेजों को छोड़ दिया गया है। कहा कि यह निजी कालेजों के साथ सौतेला व्यवहार है, जो न्याय संगत नहीं है। कहा दो-दो अधिसूचना जारी होने से हर वर्ष बीएड का सत्र लेट हो रहा है। विवि की ओर से सोमवार को डीएवी पीजी कालेज, डीडब्ल्यूटी पीजी कालेज और राठ महाविद्यालय पैठाणी पौड़ी गढ़वाल के प्राचार्य को पत्र भेज सीयूईटी के आधार पर प्रवेश परीक्षा देने वाले छात्रों से दाखिले के लिए आवेदन प्रारंभ करने के निर्देश जारी किए हैं। बताया कि इन संस्थानों में 50 प्रतिशत सीटों पर बीए, वाणिज्य और 50 प्रतिशत सीटों पर विज्ञान वर्ग के छात्रों को प्रवेश दिया जाएगा।